>

Title: Need to put a restraint on persons using religion for political activities.

श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली): महोदया, मैं आपका बहुत धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया क्योंकि मुझे उम्मीद नहीं थी। मैंने प्राइवेट मैम्बर बिल कम्पलसरी वोटिंग सदन में रखा था तो मैं इसके बारे में बोला था कि हम अपने देश से प्यार करके मजबूत रखना चाहते हैं तो यहां खास तौर से किसी भी सियासी आदमी द्वारा कोई भी धर्म का नारा नहीं दिया जाना चाहिए। यहां रीजनलीज्म या धर्म की बात कहते हैं, यह सही नहीं है। इससे लोगों के दिल टूटते हैं, दिमाग बंटता है और समाज बंट जाता है। यहां इस विषय से संबंधित कोई मंत्री मौजूद नहीं हैं, मैं चाहता हूं, कोई न कोई ऐसा कठोर कानून बनाया जाए ताकि जो लोग धर्म का इस्तेमाल राजनीति के लिए या वोट मांगने के लिए करते हैं, न कर सकें। जैसा मुम्बई में हुआ, बाहर के लोग आए उन्हें मारा-पीटा गया, जिंदा जलाया, उनके व्हीकल जला दिए गए और इस तरह गुजरात में भी हुआ। मैं आशा करता हूं कि सरकार कोई ऐसा कठोर कानून बनाएगी ताकि ये चीजें रुकें और आइंदा के लिए लोगों को सबक मिल सके।

उनकी पार्टी को बैन कर दें। लेकिन यह नहीं हो सकता कि हमारा बढ़ता हुआ हिंदुस्तान, मजबूती की तरफ जाता हुआ हिंदुस्तान सिर्फ गंदे नारों की वजह से कमजोर हो जाए। धन्यवाद।

सभापति महोदया :

श्री जे.एम. आरून रशीद को इस विषय के साथ सम्बद्ध किया जाता है।